दिनांक: 01/10/2021

विषय: राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली में गांधी जी के जन्म मास में शुरू किया गया "स्वच्छ भारत अभियान" ।




आज तारीख एक अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय संजौली में गांधी जी के जन्म मास की शुरुआत होने पर एक बेहतरीन कल्पना को साकार करने हेतु तथा "बापू" के स्वच्छ भारत के सहयोग हेतु सवायमसेवियों ने शुरू किया स्वच्छ भारत अभियान ।

इस अभियान की शुरुआत आज से हुई जिसमें कि एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, बतौर मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चंद्रभान मेहता जी रहे जिन्होंने सवायमसेवियों को इस अभियान को शुरू करने व एक बेहतरीन कल्पना को साकार करने हेतु बधाइयां व शुभकामनाएं दी। प्राचार्य ने एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीनाक्षी शर्मा और डॉ विकास नाथन जी के कार्य ,लगन और कर्तव्य निष्ठा की खूब सराहना की, जोकि हर कार्यक्रम को करने में सवायमसेवियों का मार्गदर्शन करते रहते हैं ,साथ ही प्राचार्य जी ने पूरी एनएसएस इकाई को इस अभियान को सफल बनाने हेतु अपना आशीर्वाद प्रदान किया व सफल होने की कामना की ।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास नाथन जी ने सभी सवायमसेवियों को बताया कि इस बार गांधी जयंती के अवसर पर जिला स्तर पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें कि हर जिले की एनएसएस इकाई भाग लेगी । प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली एनएसएस इकाई को पुरस्कृत किया जाएगा । यह प्रतियोगिता 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगी । जिला स्तर के साथ महाविद्यालय में भी एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें कि सबसे बेहतरीन सवायमसेवियों को उनके कार्य ,लगन व मेहनत के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा ।

अंत में सवायमसेवियों ने स्वच्छता पर शपथ ग्रहण कर संकल्प लिया कि इस अभियान में वे मन लगाकर गांधी जी के सपने को व देश को स्वच्छ बनाने हेतु कार्य करेंगे और दूसरों को भी इस अभियान में शामिल करेंगे तथा प्रेरणा का सूचक बनेंगे। इस तरह इस स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम की शुरुआत हुई ।


NATIONAL SERVICE SCHEME
RE OF EXCELLENCE
E SANJAULI, SHIMLA-6
CLEAN INDIA CAMPAIGN
NSS


NAL SERVICE SCHEME
NTRE OF EXCELLENCE
COLLEGE SANJAULI, SHIMLA-6


ONAL SERVICE SCHEME
CENTRE OF EXCELLENCE
T. COLLEGE SANJAULI, SHIMLA-6
NSS

